SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

CS (MAIN) Exam:2016

M-ESC-U-CMA

# वाणिज्य व लेखाविधि / COMMERCE AND ACCOUNTANCY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : **Three Hours**

अधिकतम अंक : **250**
Maximum Marks : **250**

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

इसमें आठ प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) अनुसंधान एवं विकास लागतों के लेखाकरण निरूपण से संबंधित भारतीय लेखाकरण मानकों के प्रावधानों की चर्चा कीजिए ।

Discuss the provisions of Indian Accounting Standards regarding the accounting treatment of Research and Development costs. *10*

(b) लागत नियन्त्रण और लागत न्यूनीकरण तकनीकों के बीच विभेदन कीजिए और निर्णयन पर इनके प्रभावों की व्याख्या भी कीजिए ।

Distinguish between the techniques of Cost Control and Cost Reduction and also explain their implications on decision-making. *10*

(c) कम्पनियों के समामेलन की हित समूहन विधि की व्याख्या कीजिए ।

Explain Pooling of Interest method of amalgamation of companies. *10*

(d) सकल कुल आय में से विभिन्न कटौतियाँ क्या-क्या होती हैं ?

What are the various deductions made from Gross Total Income ? *10*

(e) "विभाजनीय लाभों की लेखापरीक्षा अधिसंख्य शेयरधारियों के दर्शन को समझने में हितधारकों को सक्षम बनाती है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Audit of divisible profits enables the stakeholders to judge the philosophy of majority shareholders." Comment. *10*

**Q2.** (a) आर.एस. लि. ने ₹ 10 प्रति शेयर पर ₹ 2 प्रीमियम के 20,000 शेयरों के लिए आवेदन आमंत्रित करते हुए एक विवरण-पत्रिका जारी की, जो निम्न प्रकार से देय थे :

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | ₹ 2 |
| आबंटन पर | ₹ 5 (प्रीमियम सहित) |
| प्रथम माँग पर | ₹ 3 |
| द्वितीय एवं अंतिम माँग पर | ₹ 2 |

30,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से 24,000 शेयरों के आवेदनों का यथानुपात आबंटन कर दिया गया । आवेदनों पर प्राप्त आधिक्य राशि का आबंटन राशि हेतु प्रयोग कर लिया गया ।

खेरवा, जिसे 400 शेयर आबंटित किए गए थे, आबंटन राशि का भुगतान नहीं कर सकी । तदनुसार प्रथम माँग जमा कराने में असमर्थ रहने पर उसके शेयरों का हरण कर लिया गया ।

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

सूरी, जो 600 शेयरों की धारक थी, दोनों माँग जमा कराने में असमर्थ रही, अत: उसके शेयरों का दूसरी माँग के बाद हरण कर लिया गया ।

इन हरण किए गए शेयरों में से 800 शेयर गोपाल को ₹ 9 प्रति शेयर पूर्ण प्रदत्त पुनःनिर्गमित कर दिए, जिसमें खेरवा के सभी शेयर शामिल थे ।

आर.एस. लि. की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

RS Ltd. issued a prospectus inviting applications for 20,000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share payable as under :

| | |
|---|---|
| On Application | ₹ 2 |
| On Allotment | ₹ 5 (including premium) |
| On First call | ₹ 3 |
| On Second and Final call | ₹ 2 |

Applications were received for 30,000 shares and pro-rata allotment was made on the applications for 24,000 shares. Excess money paid on applications was utilised towards allotment money.

Kherwa, to whom 400 shares were allotted, failed to pay the allotment money. On her subsequent failure to pay the first call, her shares were forfeited.

Suri, the holder of 600 shares, failed to pay the two calls, and her shares were forfeited after the second call.

Out of these forfeited shares, 800 shares were reissued to Gopal, credited as fully paid for ₹ 9 per share, the whole of Kherwa's shares being included.

Pass the necessary Journal entries in the books of RS Ltd. *20*

(b) दो विनिर्माण कम्पनियों ने, जिनका संचालन विवरण निम्नलिखित है, निर्णय लिया कि इन्हें विलयित कर लिया जाए :

| | कम्पनी सं. 1 | कम्पनी सं. 2 |
|---|---|---|
| क्षमता उपयोग (% में) | 90 | 60 |
| बिक्री (₹ लाखों में) | 540 | 300 |
| परिवर्तनशील लागत (₹ लाखों में) | 396 | 225 |
| स्थिर लागत (₹ लाखों में) | 80 | 50 |

माना कि प्रस्ताव कार्यान्वित किया गया है, परिकलन कीजिए :

(i) विलयित संयन्त्र की संतुलन-स्तर बिक्री एवं उस अवस्था में क्षमता उपयोग ।

(ii) 80% क्षमता उपयोग पर विलयित संयन्त्र की लाभदायकता ।

(iii) ₹ 75 लाख का लाभ अर्जित करने के लिए विलयित संयन्त्र का बिक्री आवर्त ।

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

Two manufacturing companies, which have the following operating details, decided to merge :

| | Company No. 1 | Company No. 2 |
|---|---|---|
| Capacity Utilization (in %) | 90 | 60 |
| Sales (₹ lakhs) | 540 | 300 |
| Variable Cost (₹ lakhs) | 396 | 225 |
| Fixed Cost (₹ lakhs) | 80 | 50 |

Assuming that the proposal is implemented, calculate : *15*

(i) Break-even sales of the merged plant and the capacity utilization at that stage.

(ii) Profitability of the merged plant at 80% capacity utilization.

(iii) Sales turnover of the merged plant to earn a profit of ₹ 75 lakhs.

(c) "कर-निर्धारिती न केवल अपनी आयों पर कर का भुगतान करता है बल्कि दूसरों की आयों पर भी भुगतान करता है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

"An assessee not only pays tax on his own incomes but also on others' incomes." Explain this statement. *15*

SPM IAS ACADEMY SHAPING BRILLIANCE

**Q3.** (a) एक कम्पनी के लागत लेखाकार को फरवरी, 2016 के उपरिव्यय की निम्नलिखित सूचना प्रदान की गई थी :

(1) उपरिव्यय लागत विचरण : ₹ 1,400 प्रतिकूल

(2) उपरिव्यय मात्रा विचरण : ₹ 1,000 प्रतिकूल

(3) फरवरी, 2016 के बजट घण्टे : 1,200 घण्टे

(4) फरवरी, 2016 के बजट उपरिव्यय : ₹ 6,000

(5) उपरिव्ययों की वास्तविक वसूली दर लागू की गई : ₹ 8 प्रति घण्टा

फरवरी, 2016 के लिए निम्नलिखित गणना हेतु उनकी सहायता कीजिए :

(i) उपरिव्यय खर्चा विचरण

(ii) वास्तविक उपरिव्यय लागत आई

(iii) वास्तविक उत्पादन के लिए वास्तविक घण्टे

(iv) उपरिव्यय क्षमता विचरण

(v) उपरिव्यय कार्यकुशलता विचरण

(vi) वास्तविक उत्पादन के लिए मानक घण्टे

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

The Cost Accountant of a company was given the following information regarding the overheads for February, 2016 :

(1) Overhead cost variance : ₹ 1,400 adverse

(2) Overhead volume variance : ₹ 1,000 adverse

(3) Budgeted hours for February, 2016 : 1,200 hours

(4) Budgeted overheads for February, 2016 : ₹ 6,000

(5) Actual rate of recovery of overheads : ₹ 8 per hour

You are required to assist him in computing the following for February, 2016 : 20

(i) Overhead expenditure variance

(ii) Actual overheads incurred

(iii) Actual hours for actual production

(iv) Overhead capacity variance

(v) Overhead efficiency variance

(vi) Standard hours for actual production

(b) पैरा 6 लेखांकन मानक 2 (संशोधित) के अनुसार, चार मदें बताइए जिन्हें मालसूचियों के लागत निर्धारण में शामिल नहीं किया जाता है ।

State four items which are not to be included in determining the cost of inventories in accordance with Paragraph 6 of Accounting Standards 2 (Revised). 15

(c) दिल्ली के एक ग़ैर-सरकारी संगठन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बड़े पैमाने पर दान एकत्रित किया, जिसे बिहार के विभिन्न ग़ैर-सरकारी संगठनों को राहत प्रक्रिया हेतु भेजा गया । दिल्ली के इस ग़ैर-सरकारी संगठन ने आपको उस वर्ष के लिए उनके खातों की लेखापरीक्षा के लिए नियुक्त किया, जिसमें दान एकत्रित एवं बाढ़ पीड़ितों हेतु भेजा गया । विभिन्न दानों की प्राप्तियों एवं विभिन्न ग़ैर-सरकारी संगठनों को भेजी गई राशि के लिए, लेखापरीक्षा हेतु कार्यक्रम तैयार कीजिए । परिस्थिति के लिए ऐसे पाँच विलक्षण बिन्दु बताइए, जिन्हें आप सम्मिलित करेंगे ताकि लेखापरीक्षा कार्यक्रम में दानों की प्राप्तियाँ एवं वितरण की लेखापरीक्षा हो सके ।

An NGO operating in Delhi had collected large scale donations for flood victims. The donations so collected were sent to different NGOs operating in Bihar for relief operations. The NGO operating in Delhi has appointed you to audit its accounts for the year in which it collected and remitted donations for flood victims. Draft a programme for audit of receipts of donations and remittance of the collected amount to different NGOs. Mention five points each, peculiar to the situation, which you would like to incorporate in your audit programme for audit of the said receipts and remittances of donations. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**Q4.** (a) डॉ. शर्मा एक मुख्य चिकित्सा अधिकारी हैं । उन्हें ₹ 15,000 प्रति माह वेतन एवं 25% की दर से महँगाई भत्ता मिलता है । वे प्रमाणित भविष्य निधि कोष में अपने वेतन का 15% अंशदान देते हैं । उतनी ही धनराशि का नियोक्ता भी अंशदान करता है । उन्हें किसी शहर में किराए से मुक्त आवास दिया हुआ है, जिसकी जनसंख्या 5 लाख है । उस मकान का उचित किराया मूल्य ₹ 6,000 प्रति माह है । उन्हें अपने बच्चे के लिए छात्रावास भत्ता ₹ 500 प्रति माह प्राप्त होता है । उन्होंने अपना स्वयं का मकान ₹ 500 प्रति माह किराए पर दिया हुआ है जिस पर ₹ 2,000 नगरपालिका कर चुकाया गया । उनकी निम्नलिखित आय भी हैं :

| | |
|---|---|
| देशी कम्पनी से लाभांश | ₹ 5,000 |
| सहकारी संस्था के ऋणपत्रों पर ब्याज | ₹ 3,000 |
| विदेशी कम्पनी से लाभांश | ₹ 1,000 |
| ए.ओ.पी. के लाभों में हिस्सा | ₹ 2,000 |

उन्होंने अपना चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा ₹ 12,000 के चेक द्वारा जमा किया । उन्होंने राष्ट्रीय कोष में ₹ 1,500 और परिवार नियोजन कार्यक्रमों की प्रोन्नति के लिए ₹ 1,500 दान दिए ।
कर निर्धारण वर्ष 2016 – 17 के लिए, कुल आय का परिकलन कीजिए ।

Dr. Sharma is a Chief Medical Officer. He receives a salary of ₹ 15,000 per month and Dearness Allowance @ 25%. He contributes 15% of his salary to a Recognised Provident Fund. The employer also contributes an equal amount. He is provided with a Rent Free House in a city with a population of 5 lakhs. Fair rental value of the house is ₹ 6,000 per month. He receives Hostel Allowance of ₹ 500 per month for his child. He has let out his own house at ₹ 500 per month and paid ₹ 2,000 for Municipal tax of the house. He has the following incomes too :

| | |
|---|---|
| Dividend from a domestic company | ₹ 5,000 |
| Interest on debentures of a cooperative society | ₹ 3,000 |
| Dividend from a foreign company | ₹ 1,000 |
| Share in the profits of A.O.P. | ₹ 2,000 |

He paid ₹ 12,000 for his own medical health insurance by cheque. He donated ₹ 1,500 to a national fund and ₹ 1,500 for promoting family planning programmes.
Compute the total income for the Assessment Year 2016 – 17. *20*

(b) नीचे दी गई सूचना एक कम्पनी के लागत रिकॉर्डों से कार्य संख्या 303 के संदर्भ में ली गई है :

सामग्रियाँ : ₹ 4,010

मज़दूरियाँ :

विभाग अ : 60 घण्टे, ₹ 3 प्रति घण्टे की दर पर
विभाग ब : 40 घण्टे, ₹ 2 प्रति घण्टे की दर पर
विभाग स : 20 घण्टे, ₹ 5 प्रति घण्टे की दर पर

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

इन विभागों के उपरिव्यय का प्राक्कलन निम्न प्रकार से किया गया है :

परिवर्तनशील उपरिव्यय :

विभाग अ : ₹ 5,000, 5000 श्रम घण्टों के लिए

विभाग ब : ₹ 3,000, 1500 श्रम घण्टों के लिए

विभाग स : ₹ 2,000, 500 श्रम घण्टों के लिए

स्थिर उपरिव्यय : ₹ 20,000 पर अनुमानित 10,000 सामान्य कार्य घण्टों के लिए ।

आपको कार्य संख्या 303 के लिए लागत का परिकलन करना है एवं 25% लाभ- अर्जित करने हेतु विक्रय मूल्य का भी परिकलन करना है ।

The information given below has been taken from the costing records of a company in respect of Job No. 303 :

Materials : ₹ 4,010

Wages :

Dept. A : 60 hours @ ₹ 3 per hour

Dept. B : 40 hours @ ₹ 2 per hour

Dept. C : 20 hours @ ₹ 5 per hour

Overhead expenses for these departments were estimated as follows :

Variable overheads :

Dept. A : ₹ 5,000 for 5000 labour hours

Dept. B : ₹ 3,000 for 1500 labour hours

Dept. C : ₹ 2,000 for 500 labour hours

Fixed overheads : Estimated at ₹ 20,000 for 10,000 normal working hours.

You are required to calculate the cost of Job No. 303 and also calculate the selling price to earn a profit of 25%. *15*

(c) किसी खाते को बैंक लेखापरीक्षा में 'ग़ैर-निष्पादक परिसंपत्ति' (एन.पी.ए.) के रूप में घोषित करने से पूर्व एक लेखापरीक्षक के द्वारा उठाए जाने वाले कदमों को गिनाइए ।

Enumerate the steps to be taken by an auditor before declaring an account as Non-Performing Asset (NPA) in a bank audit. *15*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड B
## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following in about 150 words each :** ***10×5=50***

(a) वित्तीय निर्णयों में मुद्रा के समय मूल्य की सार्थकता की व्याख्या कीजिए।
Explain the relevance of time value of money in financial decisions. *10*

(b) ईक्विटी पर प्रतिफल के परिकलन के लिए ड्यू पोन्ट चार्ट को आरेखीय रूप में प्रस्तुत कीजिए।
Diagrammatically present the Du Pont chart to calculate return on equity. *10*

(c) पूँजी की लागत पर मोदिग्लियानी एवं मिलर उपागम में बनाए गए प्रस्तावों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।
Explain briefly the propositions made in Modigliani and Miller approach on cost of capital. *10*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(d) वर्तमान मौद्रिक नीति की व्याख्या कीजिए।
Explain the current Monetary Policy. *10*

(e) साख कोटिनिर्धारण की एजेंसियों की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।
Evaluate the role of Credit Rating Agencies. *10*

**Q6.** (a) निम्नलिखित सूचना का उपयोग करते हुए तुलन पत्र तैयार कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निवल सम्पत्ति पर कुल ऋण | 1 : 2 |
| (ii) | कुल परिसम्पत्ति आवर्त | 2 |
| (iii) | विक्रय पर सकल लाभ | 30% |
| (iv) | औसत वसूली अवधि (मान लीजिए वर्ष में 360 दिन) | 40 दिन |
| (v) | बेचे गए माल की लागत और वर्ष की अंतिम मालसूची पर आधारित मालसूची आवर्त अनुपात | 3 |
| (vi) | साख निर्धारण अनुपात | 0·75 |
| (vii) | ईक्विटी शेयर पूँजी | ₹ 4,00,000 |
| (viii) | आरक्षितियाँ एवं अधिशेष | ₹ 6,00,000 |

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

Using the following information, prepare the Balance Sheet : 20

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Total debt to net worth | 1 : 2 |
| (ii) | Total assets turnover | 2 |
| (iii) | Gross profit on sales | 30% |
| (iv) | Average collection period (Assume 360 days year) | 40 days |
| (v) | Inventory turnover ratio based on cost of goods sold and year-end inventory | 3 |
| (vi) | Acid test ratio | 0·75 |
| (vii) | Equity share capital | ₹ 4,00,000 |
| (viii) | Reserves and Surplus | ₹ 6,00,000 |

(b) एक्स लि. एवं वाई लि. की व्यापार की समान स्तर की जोखिम है और इनके बाज़ार मूल्य और अर्जन का सार निम्न प्रस्तुत किया गया है :

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

| विवरण | X लि. ₹ | Y लि. ₹ |
|---|---|---|
| ईक्विटी | 6,00,000 | 3,00,000 |
| ऋण | – | 2,50,000 |
| | 6,00,000 | 5,50,000 |
| अर्जित लाभ | 90,000 | 90,000 |
| घटाइए : ब्याज | – | 22,000 |
| | 90,000 | 68,000 |

दोनों कम्पनियों की कराधान के बाद ईक्विटी पूँजी की लागत, ऋण लागत एवं भारित औसत पूँजी की लागत का परिकलन कीजिए, यह मानते हुए कि कम्पनी पर आय कर की दर 35% है एवं लाभांश वितरण पर 20% अतिरिक्त कर देय है ।

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

X Ltd. and Y Ltd. have the same level of business risk and their market values and earnings are summarised below :

| Particulars | X Ltd. ₹ | Y Ltd. ₹ |
|---|---|---|
| Equity | 6,00,000 | 3,00,000 |
| Debt | – | 2,50,000 |
| | 6,00,000 | 5,50,000 |
| Earnings | 90,000 | 90,000 |
| Less : Interest | – | 22,000 |
| | 90,000 | 68,000 |

SPM IAS ACADEMY

Calculate the post-tax cost of equity, cost of debt and weighted average cost of capital of both the companies. Assume that the income-tax rate on the company is 35% and the additional tax on dividend distribution is 20%. *15*

(c) 1991 के बाद निम्नलिखित क्षेत्रों में किए हुए महत्त्वपूर्ण सुधारों को लिखिए :

(i) बैंकिंग क्षेत्र

(ii) प्राथमिक एवं द्वितीयक स्टॉक बाज़ार

(iii) बाह्य वित्तीय बाज़ार

Write the important reforms that have taken place in the following sectors after 1991 : *15*

(i) Banking Sector

(ii) Primary and Secondary Stock Market

(iii) External Financial Market

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**Q7.** (a) एक्स.वाई. लि. एक पुरानी मशीन (जो अप्रचलित हो गई है), का प्रतिस्थापन कर नई मशीन लगाना चाहती है । कम्पनी ने इसकी विस्तृत जाँच के बाद प्राप्त प्रस्तावों में से दो का चयन किया । दोनों मॉडलों की लागत, उत्पादन एवं पूर्वानुमानित निवल आगम भिन्न-भिन्न हैं । दोनों मशीनों का अनुमानित जीवन 5 वर्ष है । पाँचवें वर्ष के अंत में अवशिष्ट मूल्य शून्य ही माना जाएगा । आगे निम्नलिखित विवरण दिया गया है :

| | | पूर्वानुमानित कर के बाद रोकड़ प्रवाह | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मशीन | लागत | वर्ष 1 | वर्ष 2 | वर्ष 3 | वर्ष 4 | वर्ष 5 |
| अ | 25 | – | 5 | 20 | 14 | 6 |
| ब | 40 | 10 | 14 | 16 | 17 | 8 |

कम्पनी की पूँजी पर लागत 16% है । आप दोनों प्रस्तावों का मूल्यांकन करके फर्म को, निम्नलिखित का प्रयोग करते हुए, सलाह दीजिए :

(i) पुन:भुगतान अवधि

(ii) निवल वर्तमान मूल्य

(iii) लाभदायकता सूचकांक

(iv) आन्तरिक प्रतिफल दर

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

XY Ltd. wants to install a new machine in place of an existing old one which has become obsolete. The company made extensive enquiries and from the proposals received, short-listed two offers. The two models differ in cost, output and anticipated net revenue. The estimated life of both the machines is five years. There will be only negligible salvage value at the end of the fifth year. Further details are as follows :

| | | Anticipated after-tax cash flow | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Machine | Cost | Year 1 | Year 2 | Year 3 | Year 4 | Year 5 |
| A | 25 | – | 5 | 20 | 14 | 6 |
| B | 40 | 10 | 14 | 16 | 17 | 8 |

The company's cost of capital is 16%. You are required to make an appraisal of the two offers and advise the firm by using the following : *20*

(i) Payback Period

(ii) Net Present Value

(iii) Profitability Index

(iv) Internal Rate of Return

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(b) श्री लि. की वर्तमान बिक्री ₹ 20,00,000 है । कम्पनी 2/10, शुद्ध 30 की रोकड़ बट्टा नीति लागू करने हेतु योजना बना रही है । इसके परिणामस्वरूप, कम्पनी का औसत वसूली समय 10 दिन कम होने और 80% बिक्री के रोकड़ बट्टा की सुविधा को अपनाने की अपेक्षा है ।

यदि कम्पनी की प्रत्याय दर निवेश प्राप्यों पर 20% होनी है, तो उसके द्वारा क्या नई बट्टा नीति को लागू किया जाना चाहिए ?

Shree Ltd. has current sales of ₹ 20,00,000. The company is planning to introduce a cash discount policy of 2/10, net 30. As a result, the company expects the average collection period to go down by 10 days and 80% of the sales to opt for the cash discount facility.

If the company's required return on investment in receivables is 20%, should it introduce the new discount policy ? *15*

(c) विदेशी संस्थागत निवेशकों तथा साहसी पूँजीपतियों के विकास हेतु 'सेबी' द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों का परीक्षण कीजिए ।

Examine various measures taken by SEBI for the development of Foreign Institutional Investors and Venture Capitalists. *15*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**Q8.** (a) एक कम्पनी की ₹ 10 अंकित मूल्य वाले शेयरों की शेयर पूँजी ₹ 10,00,000 है । कम्पनी की ऋण पूँजी 10% ब्याज दर पर ₹ 6,00,000 है । फर्म की बिक्री ₹ 5 प्रति इकाई के बिक्री मूल्य पर 3,00,000 इकाइयाँ प्रति वर्ष है और परिवर्तनशील लागत ₹ 3 प्रति इकाई है । स्थिर लागत राशि ₹ 2,00,000 है । कम्पनी 35% की दर से कर का भुगतान करती है । यदि बिक्री में 10% की वृद्धि होती है, तो परिकलन कीजिए :

(i) प्रति शेयर अर्जन में प्रतिशत वृद्धि

(ii) दोनों स्तरों पर वित्तीय उत्तोलन की मात्रा

The share capital of a company is ₹ 10,00,000 with shares of face value of ₹ 10. The company has debt capital of ₹ 6,00,000 @ 10% rate of interest. The sales of the firm are 3,00,000 units per annum at a selling price of ₹ 5 per unit and variable cost is ₹ 3 per unit. The fixed cost amounts to ₹ 2,00,000. The company pays tax at 35%. If the sales increase by 10%, calculate : *20*

(i) Percentage increase in EPS

(ii) Degree of financial leverage at the two levels

(b) निगमीय लाभांश नीति के प्रति मोदिग्लियानी तथा मिलर उपागम की व्याख्या कीजिए ।

Explain the Modigliani and Miller approach for corporate dividend policy. *15*

(c) उदारीकरण अवधि के दौरान भारत में क्या-क्या बीमा क्षेत्र सुधार हुए हैं ?

What are the various insurance sector reforms that have taken place in India during the period of liberalisation ? *15*